# जीत की लय बरकरार रखना चाहेगा पाकिस्तान, अफगानिस्तान से है सामना

**लीड्स। एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पाकिस्तानी टीम आईसीसी विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ शनिवार को होने वाले मुकाबले में आत्ममुग्धता से बचकर अपनी शानदार लय को जारी रखने कर उम्मीद करेगी। तीन हार और एक मैच बारिश की भेंट चढ़ने के बाद पाकिस्तानी टीम पर लीग चरण से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन उसने दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड पर जीत के साथ शानदार वापसी की और अपनी उम्मीदों को जीवित रखा। मेजबान इंग्लैंड की दो हार से 1992 की विजेता टीम की सेमीफाइनल की संभावनायें मजबूत हो गयीं। पाकिस्तान के लिये न्यूजीलैंड पर छह विकेट की जीत काफी सकारात्मक रही जिसमें बाबर आजम का शतक और शाहीन अफरीदी का पांच विकेट झटकना अहम रहे। दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड को हराने के बाद अब चिंता की बात यह है किखिलाड़ी आत्ममुग्धता का शिकार हो सकते हैं लेकिन पाकिस्तान ऐसा बिलकुल नहीं होने देना




चाहेगा। मौजूदा टीम साथ ही उम्मीद करेगी कि वह वैसा ही प्रदर्शन करे जैसा 1992 में देश की टीम ने किया था और अंत में खिताब हासिल किया था। इमरान खान की उस टीम से तुलना की अनदेखी नहीं की जा सकती क्योंकि उसने भी ऐसे ही शानदार वापसी करते हुए ट्राफी जीती थी। पाकिस्तान की वापसी और इंग्लैंड को मिली हार से टूर्नामेंट में टीमों के लिये मौका बढ़ गया है लेकिन खिलाड़ी अन्य नतीजों की चिंता के बजाय अपना प्रदर्शन शानदार रखना चाहेंगे। अगर पाकिस्तानी टीम अफगानिस्तान और बांग्लादेश को हरा देती है तो उसका अंतिम चार में पहुंचने का मौका बढ़ जायेगा। खराब फार्म में चल रहे शोएब मलिक की जगह हैरिस सोहेल को टीम में शामिल करने से पाकिस्तानी बल्लेबाजी में मजबूती आयी है।

**वेस्टइंडीज को हराकर बोले कोहली, जीत हासिल करना महत्वपूर्ण**

वहीं बायें हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने मोहम्मद आमिर की अगुवाई वाली गेंदबाजी इकाई को मजबूती दी है। अफगानिस्तान की टीम ने शानदार जज्बे से सभी का दिल जीत लिया जो भारत के खिलाफ टूर्नामेंट का बड़ा उलटफेर करने की कगार पर पहुंच गयी थी। लेकिन टीम अब बेहतर खेल दिखाना चाहेगी। पाकिस्तान पर जीत से टूर्नामेंट का अंत करना उसके लिये अच्छा तरीका होगा और राशिद खान व गुलबदन नायब इस बात से भली भांति वाकिफ हैं।

# वेस्टइंडीज को हराकर बोले कोहली, जीत हासिल करना महत्वपूर्ण

**मैनचेस्टर। एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

भारतीय कप्तान विराट कोहली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने के बाद कहा कि पिछले दो मैचों में भले ही चीजें टीम के हिसाब से नहीं रही हों लेकिन इसके बावजूद इनमें जीत हासिल करना प्रभावशाली है। कोहली ने 72 रन की शानदार शतकीय पारी खेली, जिससे उन्हें मैन आफ द मैच चुना गया। कोहली ने लगातार चौथी बार 50 या इससे अधिक रन बनाये और दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे कम मैचों में 20,000 रन पूरे करने का रिकार्ड बनाया। वह हालांकि फिर से अर्धशतक को शतक में बदलने में नाकाम रहे। उन्होंने अपनी पारी में आठ चौके लगाये।

कोहली ने मैच के बाद कहा, ''मैं शिकायत नहीं कर सकता। हम कल नंबर एक टीम बने और ईमानदारी



से कहूं तो हम पिछले कुछ समय से ऐसा खेल रहे हैं।'' भारतीय टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में भी धीमी बल्लेबाजी की और आज भी वेस्टइंडीज के खिलाफ ऐसा ही रहा। इस पर कोहली ने कहा, ''बल्ले से देखें तो पिछले दो मैचों में चीजें हमारे मुताबिक नहीं रही, लेकिन हमने फिर भी जीत हासिल की और यह मेरे लिये प्रभावित करने वाला है। हम अफगानिस्तान के खिलाफ भी आज की तरह की स्थिति में थे। लेकिन हम पिछले मैच में ठीक से आकलन नहीं कर पाये।'

उन्होंने हार्दिक पंड्या और महेंद्र सिंह धोनी की अंत में खेली गयी पारियों की भी प्रशंसा की। कोहली ने कहा, '' ''मुझे लगता है कि हार्दिक और एमएस ने अंत में काफी अच्छा खेल दिखाया। इस पिच पर 270 रन का स्कोर हमेशा ही चुनौतीपूर्ण होता। अपनी पारी के बारे में कोहली ने कहा, ''तेजी से परिस्थितियों का आकलन करके बल्लेबाजी करना मेरा मजबूत पक्ष है। मेरे 70 प्रतिशत रन सिंगल से बने और इस तरह रन बनाना सर्वश्रेष्ठ है।''

# विंडीज पर जीत के बाद कोहली बोले, 'धोनी को पता है कि कैसे खेलना है, मुझे बताने की जरूरत नही´'

**मैनचेस्टर: एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

भारत ने गुरुवार को वेस्टइंडीज को ओल्ड ट्रेफर्ड मैदान पर खेले गए मैच में 125 रनों के विशाल अंतर से मात दे दी. इस तरह से भारत ने विश्व कप-2019 में अपने विजयी अभियान जारी रखा है. भारत की छह मैचों में यह पांचवीं जीत है. इस जीत के साथ ही भारत 11 अंकों के साथ अंकतालिका में दूसरे स्थान पर आ गया है. न्यूजीलैंड के भी 11 अंक हैं लेकिन बेहतर रन रेट के कारण भारत आगे है. ऑस्ट्रेलिया पहले ही सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुका है.

भारत ने पहले खराब स्थिति से निकलते हुए कप्तान विराट कोहली (72) और महेंद्र सिंह धोनी (नाबाद 56) की पारियों के दम पर 50 ओवरों में



सात विकेट के नुकसान पर 268 रन बनाए. बाद में मोहम्मद शमी की अगुआई में भारत ने विंडीज को 34.2 ओवरों में 143 रनों पर ढेर कर जीत हासिल की. जीत के बाद कोहली ने धोनी की तारीफ करते हुए कहा, धोनी को पता है कि मिडिल ऑर्डर में उन्हें कैसे खेलना है. जब उनका दिन नहीं होता तो हर कोई उनके बारे में बातें करने लगता है. हम उनका हमेशा समर्थन करते हैं. उन्होंने कई मैच हमें जिताए हैं. उनके बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि जब 15-20 रन की जरूरत सबसे ज्यादा होती है तो उन्हें पता होता है कि ये रन कैसे बनेंगे. उनका अनुभव 10 में से 8 बार हमारे लिए अच्छा होता है. वह हमेशा फीडबैक देते हैं. उम्मीद करता हूं कि आगे भी वह अपना बेहतर प्रदर्शन जारी रखेंगे. पिछले दो मैचों में टीम के प्रदर्शन पर नाखुशी जताते हुए कोहली ने कहा, पिछले दो मैचों में, चीजें हमारी अपेक्षा के अनुरूप नहीं हुई. लेकिन हमने जीत पाई. मानसिकता मायने रखती है. कुछ भी असंभव नहीं है. हमें लगता है कि हम किसी भी परिस्थिति में जीत हासिल कर सकते हैं.

# World Cup 2019: भारत और पाकिस्तान के 'ड्रीम सेमीफाइनल' के बीच खड़ा है इंग्लैंड...

**नई दिल्ली: एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

भारतीय टीम का आईसीसी क्रिकेट विश्व कप ( ICC World Cup 2019) में अजेय अभियान जारी है. उसने सेमीफाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है. अब तो बात यह हो रही है कि विराट कोहली की इस टीम का सेमीफाइनल में किससे मुकाबला होगा. मौजूदा हालात में जो समीकरण बन रहे हैं, उसके मुताबिक भारत लीग मैचों के बाद प्वाइंट टेबल की चोटी पर रह सकता है. अगर ऐसा होता है तो उसका सेमीफाइनल में पाकिस्तान से मुकाबला हो सकता है. तो क्या यह 'ड्रीम सेमीफाइनल' होगा या इसकी राह में कोई रोड़ा है?

ड्रीम सेमीफाइनल (Dream Semifinal) की संभावना जानने से पहले हमें विश्व कप के प्वाइंट टेबल पर नजर डालनी होगी. फिलहाल ऑस्ट्रेलिया (12) पहले, भारत (11) दूसरे, न्यूजीलैंड (11) तीसरे और




इंग्लैंड (8) चौथे नंबर पर है. बांग्लादेश और पाकिस्तान के सात-सात अंक हैं. लेकिन बांग्लादेश बेहतर रनरेट की वजह से पांचवें नंबर पर है. इन टीमों के साथ ही श्रीलंका (6) भी सेमीफाइनल की रेस में हैं. वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो चुके हैं. अब बात विश्व कप के सेमीफाइनल की. टूर्नामेंट के ड्रॉ के मुताबिक प्वाइंट टेबल में पहले और चौथे नंबर की टीमों के बीच सेमीफाइनल मुकाबला होगा. दूसरे सेमीफाइनल में प्वाइंट टेबल की दूसरी और तीसरे नंबर की टीमें भिड़ेंगी. नंबर-1 की रेस में भारत सबसे आगे है. वह टूर्नामेंट में अजेय भी है.

**भारत के 3 मैच बाकी**

भारत के अब टूर्नामेंट में तीन मैच बाकी हैं. अब उसे इंग्लैंड, बांग्लादेश और श्रीलंका से खेलना है. भारत की मौजूदा फॉर्म को देखते हुए बांग्लादेश और श्रीलंका से जीतने में उसे शायद ही कोई मुश्किल हो. लेकिन इंग्लैंड मजबूत और खतरनाक टीम है. जब वह भारत के खिलाफ मैदान पर उतरेगी, तो वह उसका करो या मरो का भी मुकाबला हो. अगर वह भारत को हराता है तो समीकरण दो तरह से बदलेगा. हालांकि, इससे भारत पर ज्यादा असर नहीं होगा. लेकिन इंग्लैंड की जीत प्वाइंट टेबल का समीकरण बदल देगी.

**भारत अगर इंग्लैंड से हारा तो...**

इंग्लैंड अगर भारत से जीता तो उसके 10 अंक हो जाएंगे. यानी, वह सेमीफाइनल की रेस में दमदारी से लौट आएगा. भारत के बाद उसका मैच ऑस्ट्रेलिया से होगा. अगर वह ऑस्ट्रेलिया से जीता तो 12 अंक के साथ सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा. अगर वह हारा तो सेमीफाइनल की रेस से लगभग बाहर हो जाएगा.

और ये है पाकिस्तान का समीकरण पाकिस्तान 7 मैचों में 7 अंक लेकर छठे स्थान पर है. अब उसके दो मैच बाकी हैं. उसे अब अफगानिस्तान और बांग्लादेश से खेलना है. उसकी फॉर्म और पुराने रिकॉर्ड के आधार पर हम यह मान सकते हैं कि वह दोनों मैच जीत सकता है. अगर वह दोनों मैच जीता तो उसके 11 अंक हो जाएंगे और सेमीफाइनल की रेस में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएगा. हालांकि, 11 अंक होने पर सेमीफाइनल की रेस में उसकी टक्कर न्यूजीलैंड से भी हो सकती है.